दैनिक **न्याय साक्षी**

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, शनिवार 24 अगस्त 2019
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास



### जब कृष्ण-राधा बन बच्चे पहुंचे मुख्यमंत्री निवास

**रायपुर (आरएनएस)।** श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी के अवसर पर आज नन्हें-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण का रूप धारण कर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृष्ण राधा का रूप धरे बच्चों की आव-भगत की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राधा-कृष्ण का रूप धरे इन नन्हे-मुन्ने बच्चों की पूजा अर्चना करते हुए प्रदेश की जनता की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश वासियों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

### नौ डीएसपी प्रमोशन के बाद बने एएसपी

**रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर कार्यरत 9 अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। एएसपी बनने वाले अधिकारियों में प्रमुख रूप से सचिन देव शुक्ला, राजीव शर्मा, पीएस महिलाने, रमाशंकर द्विवेदी, कविलास टंडन, सविंद्र कुमार चौबे, राजकुमार मिंज, गजेंद्र सिंह ठाकुर और जयप्रकाश नारायण सिंह का नाम है। एडिशनल एसपी के पद में हुआ प्रमोशन 31 जुलाई को हुई विभागीय छानबीन समिति की बैठक में समिति समिति द्वारा की गई अनुशंसा के परिपेक्ष में छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2005 के नियम 14 एवं 23 की अनुसूची 5 के प्रावधानों के तहत प्रमोशन किया गया है।

### तीरथगढ़ जलप्रपात में फंसे 7 पर्यटकों को बचाया पुलिस ने

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बीती रात तीरथगढ़ जलप्रपात घूमने आए 7 सैलानी अचानक पानी का जलस्तर बढ़ जाने की वजह से फंस गए। पर्यटकों के फंसने की जानकारी मिलते ही केशलूर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस युगलैंडन यार्क तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जलप्रपात के उफनते पानी के दूसरी ओर फंसे पर्यटकों को रस्सी के सहारे बड़ी कठिनाइयों से बाहर निकालने में सफलता हासिल की। युगलैंडन यार्क ने बताया कि फंसे हुए पर्यटक दल का एक साथी अपनी टीम के साथ नीचे नहीं उतरा था, अपने साथियों के फंसने की जानकारी भी उसके द्वारा ही दी गई, जिससे पुलिस को समय पर पहुंच कर रेस्क्यू करने में मदद मिली। यहां यह उल्लेख करना लाजिमी होगा कि तीरथगढ़ में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई खास इंतजाम नहीं किये गए हैं और न ही किसी गाइड को नियुक्त किया गया है, जो सभी को दिशा-निर्देश व खतरों की जानकारी दे पाए। यही वजह है कि पहले भी एक परिवार इसी तरह यहां फंस चुका है और उसे भी कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था और इस जलप्रपात से गिर कर कई पर्यटकों की मौत भी हो चुकी है।

### संदिग्ध अवस्था मे मिली युवक की लाश

**भिलाई (आरएनएस)।** शहर के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसा गेट के समीप आज सुबह एक युवक का शव मिला है। स्थानीय निवासी की सूचना पर भिलाई तीन पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर मरच्यूरी भेज दिया गया है। मृतक की पहचान सुपेला कृष्णा नगर निवासी करण कुमार मिरे के रूप में की गई है। शव में कहीं कोई चोट का निशान नहीं है। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी।

### ट्रैक्टर का पहिया दलदल में फंसा, चालक ने कूदकर बचाई जान

**महासमुंद (आरएनएस)।** भलेसर से लगे नयापारा मार्ग पर बुधवार शाम खाद लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक ने कूदकर जान बचाई जिससे जनहानि टल गई। जानकारी के अनुसार टेमेश्वर साहू ट्रैक्टर ट्रॉली पर गोबर खाद ले जाया जा रहा था। तेज बारिश से मिट्टी कटाव होने से ट्रैक्टर का पहिया दलदल में फंस गया। ट्रैक्टर से कूदकर चालक ने जान बचाई। बाद दूसरे ट्रैक्टर की मदद से इसे बाहर निकाला गया।

# मुख्यमंत्री बघेल को जन्म दिवस पर बधाई देने उमड़ा जनसैलाब

**» मंत्रिमंडल के सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ईष्ट मित्रों, स्कूली बच्चों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने दी बधाई और शुभकामनाएं**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आज उनके जन्मदिवस पर मंत्रिमंडल के सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ईष्ट मित्रों, स्कूली बच्चों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन की कामना की।

सिविल लाईन स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने गुलदस्ते, हल, स्मृति चिन्ह, शाल फल भेंट कर मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर जन्म दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।



बधाई देने वालों में उद्योग मंत्री कवासी लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, पूर्व सांसद श्रीमती करुणा शुक्ला, विधायक धनेंद्र साहू, विधायक देवेंद्र यादव और अनेक जनप्रतिनिधि शामिल थे। इसके अलावा राज्य प्रशासन के मुख्य सचिव सुनील कुजूर, अपर मुख्य सचिव सी.के. खेतान, अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी डी एम अवस्थी, अशोक जुनेजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन की बधाई दी।

## नकली रेलवे पहचान पत्र के साथ यात्रा कर रहा युवक पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग की टीटीई ने शुक्रवार को नकली रेलवे पहचान पत्र के साथ यात्रा करते हुए एक संदिग्ध युवक को पकड़ा।



रायपुर रेल मंडल में रूटीन चेकिंग के दौरान आज टिकट एग्जामिनर (टीटीई) श्रीमती राजश्री बासवे द्वारा गाड़ी संख्या 12856 इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों से टिकट चेकिंग के दौरान जी. नागार्जुन नामक युवक जो कोच एस8-एस9 कोच में यात्रा कर रहा था की जब टिकट मांगी उसने अपने आप को रेलवे स्टाफ बताया। इसके बाद जब उससे रेलवे स्टाफ संबंधित परिचय पत्र मांगा गया तो उसने रेलवे का नकली कार्यालय अधीक्षक पद के पहचान पत्र दिखाया।

टीटीई ने इसके बाद उक्त युवक को अग्रिम कार्यवाही के लिए रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द कर दिया। वाणिज्य विभाग के अधिकारियो ने इस कार्य के लिए टिकट एग्जामिनर की प्रशंसा की।

## मुख्यमंत्री प्रदेश में चना वितरण योजना का किया शुभारम्भ

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश में स्वादिष्ट चना वितरण योजना का शुभारंभ किया। पौष्टिक आहार योजना के तहत छत्तीसगढ़ के अनुसूचित एवं माडा क्षेत्रों में कुपोषण से मुक्ति के लिए स्वादिष्ट चना का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री बघेल सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय से सुबह दस ट्रक चना बस्तर अंचल के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये इस योजना का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, खाद्य विभाग के सचिव श्री कमलप्रीत सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कंसोल इंडिया-क्यूब इंडिया एजेंसी पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की संयुक्त टीम ने दी दबिश

**रायपुर (आरएनएस)।** भाजपा शासनकाल में छत्तीसगढ़ में सुर्खियां बटोरने वाली पीआर एजेंसी कंसोल इंडिया और क्यूब इंडिया के कार्यालय में आज अचानक एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने छापा मारा है।

राजधानी के मैग्नेटो मॉल में संचालित कंसोल इंडिया और क्यूब इंडिया नामक पीआर एजेंसी पर आज एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीम में शामिल दर्जनों



अफसरों और कर्मचारियों ने मॉल पहुंचकर दोनों ही एजेंसियों के कार्यालय में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि दोनों एजेंसियों में पृथक-पृथक टीम जांच कर रही है, जांच में क्या मिला है? इसकी जानकारी नहीं मिल पाई थी। ज्ञात हो कि राज्य में भाजपा शासनकाल में इन दोनों ही पीआर एजेंसियों को बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी और बड़े-बड़े काम इन एजेंसियों के पास थे। इनमें से कंसोल इंडिया प्रदेश में सबसे ज्यादा चर्चित रही और इस कंपनी के खिलाफ दबी जुबान में ही सही कई गंभीर शिकायतें सामने आती रहीं। वर्तमान में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने केवल इतना ही कहा कि दोनों एजेंसियों के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है और इसी शिकायत के आधार पर जांच कार्यवाही की जा रही है।

## कुपोषण के खिलाफ हाफ मैराथन : सीएम ने दिखाई हरी झंडी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास पर जन्मदिन के अवसर पर कुपोषण के खिलाफ आयोजित हाफ मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाफ मैराथन में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए।

कुपोषण के खिलाफ आयोजित हाफ मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा



कि युवाओं ने कुपोषण के खिलाफ जनजागरूकता के उद्देश्य से हल्ला बोल हॉफ मैराथन का आयोजन कर अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। एक सशक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए कुपोषण के खिलाफ इस लड़ाई में सभी लोगों को अपना सक्रिय योगदान देना होगा तभी छत्तीसगढ़ कुपोषण मुक्त हो सकेगा। इस अवसर पर विधायक मोहन मरकाम, देवेन्द्र यादव तथा नगर निगम रायपुर के महापौर प्रमोद दुबे भी शामिल थे। मैराथन में शामिल बच्चों ने मुख्यमंत्री से हाथ मिलाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## तीन नक्सलियों ने नक्सलवाद से तौबा कर पुलिस के समक्ष डाले हथियार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** माओवादियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत संचालित किए जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग आमचो बस्तर, आमचो पुलिस कार्यक्रमों के दौरान छग शासन की पुर्नवास नीति के तहत आत्मसमर्पितों को मिलने वाले लाभों के संबंध में क्षेत्र में किए जा रहे प्रचार-प्रसार एवं माओवादियों के बहकावे में आकर भटके युवक, युवतियों को समाज के मुख्यधारा से जुड़ने हेतु की जा रही अपील से प्रभावित होकर आज सुकमा जिले में 3 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।



दोरनापाल सीआरपीएफ 74 वाहिनीं के डिप्टी कमाण्डेन्ट अजय साह एसडीओपी अखिलेश कौशिक के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 1-वेट्टी हूंगा, आरपीसी मिलिशिया सदस्य, 2-मड़कम सिंगा, डीकेएमएस अध्यक्ष, 3-पोड़ियम राजा, आरपीसी मिलिशिया कमांडर हैं। इन तीनों की नक्सली पर्चा फेंकने व 6 वाहनों में आगजनी व एक ग्रामीण की हत्या जैसे मामले में सुरक्षाबलों को तलाश थी। अधिकारियों ने बताया कि समर्पित नक्सलियों को दस-दस हजार की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया साथ ही उन्हें शासन द्वारा निर्दिष्ट प्रावधानों के तहत सुविधाएं मुहैया करवायी जाएंगी।

## राज्यपाल ने सीएम को दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर राज्यपाल अनुसुईया उइके ने भी अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वस्थ्य जीवन और दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ता रहे। राज्यपाल के अलावा पीसीसी पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा कांग्रेस संगठन के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कांग्रेस परिवार की ओर से भी मुख्यमंत्री श्री बघेल को जन्मदिन के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

## सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए 26 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन

**» 5 जनवरी को 6 केंद्रों में होगी परीक्षा**

**महासमुंद (आरएनएस)।** प्रदेश के एक मात्र सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में सत्र 2020-21 में कक्षा 6वीं तथा 9वीं में प्रवेश के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 5 जनवरी को आयोजित की जाएगी। स्कूल में प्रवेश के लिए बच्चों को प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण



होना पड़ता है। उसके उपरांत मेडिकल मापदंडों को पूर्ण करने के पश्चात मेरिट लिस्ट के आधार पर सैनिक स्कूल में प्रवेश दिया जाता है। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा प्रदेश के छह केन्द्र सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, कांकेर और जगदलपुर में आयोजन प्रस्तावित है।

कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा केवल सैनिक स्कूल अम्बिकापुर जिला सरगुजा केन्द्र पर आयोजित होगा। अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए केवल ऑनलाईन आवेदन फार्म 5 अगस्त से 23 सितंबर 2019 तक सैनिक स्कूल सोसायटी, रक्षा मंत्रालय के अधिकारिक वेबसाईट पर ही भरे जाएंगे। ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2019 है। कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी की आयु एक अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2010 दोनों दिन सहित के मध्य तथा कक्षा 9वीं के लिए विद्यार्थी की आयु सीमा 1 अप्रैल 2005 से 31 मार्च 2007 के मध्य होनी चाहिए एवं प्रवेश के समय अभ्यर्थी का कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## सोने से पहले ज़रूर पिएं हल्दी दूध, होंगे ये फायदे

मां हमें बचपन से ही सोते वक्त दूध का एक ग्लास थमा देती थी. तब हमारे नखरे भी होते थे. सो हम बिना बॉर्नविटा या हॉर्लिक्स के दूध छूते भी नहीं थे. वहीं सर्दियों में मां बॉर्नविटा या हॉर्लिक्स की जगह दूध में हल्दी मिलकर देती थी. इससे सर्दी ठीक हो जाती थी. ऐसे में हल्दी-दूध को लेकर हमारे मन में ये बात बैठ गई कि इसे केवल सर्दियों में पिया जाता है. जबकि हल्दी-दूध इतना फायदेमंद होता है कि इसे आप रोज पी सकते हैं. असल में दूध जहां कैल्शियम से भरपूर होता है वहीं हल्दी में एंटीबायोटिक होता है. इन दोनों को साथ में पिया जाए तो फायदा दोगुना हो जाता है.

जानिए ऐसे ही कुछ फायदों के बारे में-

- शरीर का दर्द कम करता है हल्दी-दूध
- गठिया रोगियों के लिए फायदेमंद होता है
-हड्डियों में होने वाले नुकसान और ऑस्टियोपोरेसिस की समस्या में कमी आती है
- पाचन संबंधी समस्याओं में लाभकारी
- आंतों को स्वस्थ बनाने के साथ पेट के अल्सर और



कोलाइटिस के उपचार में भी मददगार

-- हड्डियां मजबूत होती है और साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है

- सांस संबंधी समस्याओं में लाभकारी

- शरीर में जमी अतिरिक्त चर्बी घटती है

## अब दिवाली पर रिलीज होगी राजकुमार राव और मौनी रॉय की मेड इन चाइना

बॉलिवुड के बेहतरीन ऐक्टर राजकुमार राव और मौनी रॉय पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का नाम है मेड इन चाइना जिसे गुजराती डायरेक्टर मिखिल मुसले ने डायरेक्ट किया है और भूषण कुमार और दिनेश विजान ने इसे प्रड्यूस किया है। इस फिल्म की रिलीज को कई बार आगे खिसकाया जा चुका है और अब एक बार फिर इस टाल दिया गया है और यह फिल्म अब दिवाली के त्योहार पर रिलीज होगी।



पहले कहा जा रहा था कि यह इस साल 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी लेकिन तब मिशन मंगल और बाटला हाउस से क्लैश के डर से मेकर्स ने मेड इन चाइना की रिलीज को आगे बढ़ा कर 30 अगस्त कर दिया। लेकिन 30 अगस्त को अब सुपरस्टार प्रभास की साहो रिलीज हो रही है जिसे देखते हुए एक बार फिर इसकी रिलीज को टाल दिया गया।

## बाटला हाउस के बाद अब मुंबई अटैक्स पर शो बनाएंगे निखिल आडवाणी

फिल्मकार-निर्माता निखिल आडवाणी ने खुलासा किया है कि वह साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले 26/11 पर आधारित एक शो पर काम कर रहे हैं. निखिल ने इसका खुलासा मुंबई में अपनी प्रोडक्शन हाउस एम्मे एंटरटेनमेंट की आठवीं सालगिरह के मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान किया.

उन्होंने कहा, मैं सबसे बड़े वेब प्लेटफॉर्म्स में से एक के लिए एक शो कर रहा हूं, लेकिन मैं कुछ कारणों के चलते इसके नाम का खुलासा नहीं कर सकता, क्योंकि वे शो का ऐलान करना चाहते हैं. फिलहाल मैं इस शो पर काम कर रहा हूं जो साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले 26/11 पर आधारित है.

निखिल ने एम्मी एंटरटेनमेंट्स की तात्कालिक योजनाओं के बारे में बात करते हुए कहा, जहां तक हमारे प्रोडक्शन हाउस की बात है तो मरजावां इस साल के अंत तक रिलीज होगी और (निर्देशक) मिलाप (जावेरी) फिल्म के रिलीज की सटीक तारीख की घोषणा करेंगे. इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, रितेश देशमुख, तारा सुतारिया और रकुल प्रीत सिंह हैं. यह मिलाप द्वारा लिखित और निर्देशित है.



निखिल ने आगे कहा, आने वाले समय में हमारे पास अबीर सेनगुप्ता द्वारा निर्देशित इंदु की जवानी भी है जिसमें कियारा आडवाणी, आदित्य सील और मल्लिका दुआ मुख्य भूमिकाओं में हैं. इसकी स्क्रिप्ट बेहद अच्छी और मजेदार है.

निखिल ने इसकी भी घोषणा की कि वह 2020 में जॉन अब्राहम के साथ सत्यमेव जयते 2 की शुरुआत करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं. रीजनल पर काम करने की इच्छा के बारे में पूछने पर निखिल ने बताया, तीन साल पहले हम एक मराठी फिल्म को प्रोड्यूस करना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी, लेकिन हम भविष्य में रीजनल या स्थानीय फिल्मों को बनाने की कोशिश जरूर करेंगे.